तुलसी कुमारी में जान्हवी का चुलबुला अंदाज़

फिल्म सनी संसकारी की तुलसी कुमारी का मोशन पोस्टर रिलीज़ हो गया है, जिसमें जान्हवी कपूर अपने चुलबुले अंदाज़ में 'तुलसी' के किरदार में नजर आ रही हैं.

यह पोस्टर सोशल मीडिया पर दर्शकों को फिल्म की मज़ेदार रोमांटिक जर्नी की पहली झलक दिखाते हुए ट्रेंड कर रहा है.पोस्टर में जान्हवी अपनी दिलकश मुस्कान और शरारती एनर्जी से स्क्रीन को रोशन करती नज़र आती हैं, एक ऐसे किरदार को जीवंत करते हुए जो ताज़गी और रिलेटेबल फील से भरा हुआ है.

यह मोशन पोस्टर ऐसे समय पर आया है जब जान्हवी अपनी आने वाली फिल्म परम सुंदरी को लेकर सुर्खियों में हैं, जो इस हफ़्ते सिनेमाघरों में रिलीज़ हो रही है. फिल्म का ट्रेलर और गाने पहले से ही काफी सराहना बटोर चुके हैं, और उनके किरदार 'सुंदरी' को जड़ों से जुड़ा लेकिन दमदार अंदाज़ के लिए सराहा जा रहा है. अब तुलसी के इस ताज़ा लुक ने दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है, जो उनकी बहुमुखी प्रतिभा और स्टार पॉवर को और मजबूत करता है.

गुंजन सक्सेना- द कारगिल गर्ल, मिली और देवरा- पार्ट 1 में दमदार परफॉर्मेंस के बाद, जान्हवी कपूर ने अपने लिए एक अलग पहचान बनाई है. परम सुंदरी और सनी संसकारी की तुलसी कुमारी के लगातार बढ़ते बज़ ने उन्हें इस साल की सबसे चर्चित अदाकाराओं में ला खड़ा किया है.

सनी संसकारी की तुलसी कुमारी का निर्देशन शशांक खेतान ने किया है और यह फिल्म धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी है. फिल्म में जान्हवी के साथ वरुण धवन मुख्य भूमिका में हैं, जबकि रोहित सराफ, सान्या मल्होत्रा और मनीष पॉल भी अहम किरदार निभा रहे हैं. हाल ही में फिल्म की शूटिंग पूरी हुई है .वरुण धवन ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पर्दे के पीछे की तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें करण जौहर और डायरेक्टर शशांक खेतान भी नजर आए. वरुण ने कैप्शन में लिखा कि ये फिल्म पूरी हो चुकी है और वह एक बार फिर शशांक खेतान के निर्देशन में दर्शकों से मिलने आ रहे हैं.

साउथ फिल्में अब पैन इंडिया के लिए बन रही हैं. जल्द ही साउथ के नामी कलाकारों के साथ 'जटाधरा' फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा के अलावा दिव्या खोसला भी नजर आएंगी.

मेकर्स ने दिव्या के लुक का एक पोस्टर शेयर किया है. साथ ही उनके किरदार के नाम की जानकारी भी दी है. 'जटाधरा' फिल्म में मेकर्स ने जो पोस्टर

'जटाधरा' का हिस्सा बनीं दिव्या खोसला

शेयर किया है, उसमें दिव्या साड़ी पहने नजर आ रही हैं. साथ ही पोस्टर पर उनके किरदार का नाम सितारा लिखा है. वह पोस्टर में कहीं खोई सी नजर आ रही हैं. इस फिल्म में साउथ एक्टर सुधीर बाबू मुख्य भूमिका में हैं. वह एक शिव भक्त का किरदार फिल्म में निभा रहे हैं.

साउथ फिल्म जटाधरा का टीजर भी हाल ही में रिलीज हुआ. इसमें सोनाक्षी सिन्हा का लुक काफी चर्चा में बना रहा. फिल्म के टीजर में वह रौद्र अवतार में देखीं. सोनाक्षी जो किरदार फिल्म में निभा रही हैं,

वह हटकर है. टीजर में इस किरदार के माथे पर लाल तिलक नजर आया, भारी-भरकम गहने पहने और हाथ में तलवार लिए वह दिख रही हैं.

परिणीति के घर जल्द गूंजने वाली है किलकारी

बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा और उनके पति-राजनेता राघव चड्ढा जल्द ही पैरेंट्स बनने वाले हैं. इस जानकारी को जोड़े ने सोशल मीडिया पर एक खूबसूरत पोस्ट के जरिए शेयर किया है.सोमवार के दिन परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा ने इंस्टाग्राम पर एक संयुक्त पोस्ट के जरिए प्रेग्नेंसी की खुशखबरी साझा की. उन्होंने एक प्यारी तस्वीर शेयर की, जिसपर नवजात बच्चे के नन्हे पैरों की छाप दिख रही है और उसपे 1+1= 3 लिखा है, जिसका अर्थ है अब परिवार बढ़ने वाला है. इसके साथ ही कपल ने कैप्शन में लिखा, 'हमारी छोटी दुनिया, जल्द ही आने वाला है.'इस खुशखबरी के सोशल मीडिया पर आते ही, तमाम सितारे अभिनेत्री और उनके पति को बधाइयां दे रहे हैं. हुमा कुरैशी ने लिखा, बधाई. भूमि पेडनेकर ने तीन लाल दिल वाला इमोजी बनाया है.

ड्रैगन और देवरा 2 पर तय समय पर काम शुरू करेंगे एनटीआर जूनियर

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार एनटीआर जूनियर, प्रशांत नील की फिल्म ड्रैगन और देवरा 2 पर तय समय पर काम शुरू करेंगे.

एनटीआर जूनियरने बॉलीवुड में काफी इंतजार के बाद फिल्म वॉर 2 के साथ कदम रखा है. वॉर2, अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित की गई एक एक स्पाई थ्रिलर है. इस फिल्म में उनके साथ ऋतिक रोशन और कियारा आडवाणी भी अहम किरदारों में नजर आ रहे हैं. यह फिल्म 14 अगस्त को रिलीज हुई. फिल्म वॉर 2 के बाद एनटीआर जूनियर अपनी अगली प्रशांत नील के साथ की जाने वाली फिल्म और फिर देवरा 2 पर काम करना शुरू करेंगे.इस प्लान में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है. टीम तैयारियों में जुट चुकी है और काम की शुरुआत हो चुकी है.

पहले ऐसी रिपोर्ट्स भी आई थी कि एनटीआर ने यशराज फिल्मस के साथ वॉर फ्रेंचाइज़ी के अलावा मल्टी-फिल्म डील साइन की है, और इसमें से एक सोलो फिल्म भी है. ऐसे में अब यह नई रिपोर्ट्स सामने आई हैं कि एनटीआर ने अपने पहले के कमिटमेंट्स की वजह से इन्हें नए प्रोजेक्ट्स को थोड़े समय के लिए टाल दिया है.हालांकि, एनटीआर की प्लानिंग शुरू से ही यही थी कि वह वॉर 2 के बाद पहले प्रशांत नील की फिल्म करेंगे और उसके बाद देवरा 2 पर काम शुरू करेंगे. इस तरह से यह कोई नई बात नहीं है. प्रशांत नील की एनटीआर के साथ बनने वाली फिल्म का टेंटेटिव टाइटल फिलहाल ड्रैगन रखा गया है.

फिल्म उफ्फ ये सियापा का ट्रेलर रिलीज

जी. अशोक निर्देशित फिल्म उफ्फ ये सियापा का ट्रेलर रिलीज हो गया है.

उफ्फ ये सियापा बिना किसी डायलॉग एक अनोखी, बिना डायलॉग्स की कॉमेडी है, जिसमें केसरी लाल सिंह (सोहम शाह), एक शर्मीला आम आदमी है, जो खुद को एक मुश्किल में उलझा बैठता है. केसरी लाल सिंह की पत्नी पुष्पा (नुसरत भरुचा) उसे छोड़कर चली जाती है, दरअसल उसे लगता है कि उसका पति अपनी पड़ोसन कामिनी (नोरा फतेही) के साथ फ्लर्ट कर रहा है. जबकि मामला इससे अलग होता है. लेकिन इससे पहले कि वह अपना नाम साफ कर पाता, गलत तरीके से उसके पास एक ड्रग पार्सल पहुंच कर उसकी मुश्किल बढ़ा देता है. इस तरह से उसकी मुश्किलों का सिलसिला शुरू हो जाता है, सबसे बुरी बात यह होती है कि उसके घर में एक लाश मिल जाती है. जैसे ही केसरी इस मुसीबत से बाहर निकलने की कोशिश करता है, एक और लाश मिल जाती है, जिससे उसका घर पूरी तरह से क्राइम सीन बन जाता है. इन सब के बीच, मुसीबत को और बढ़ाने के लिए, पुलिस इंस्पेक्टर हसमुख (ओमकार कपूर) अपने खास मकसद के साथ वहाँ आता है, जिससे और भी हंगामा मच जाता है.

जी. अशोक ने कहा, फिल्म उफ्फ ये सियापा मेरे दिल के बहुत करीब है. मेरा डांस और कोरियोग्राफी का बैकग्राउंड होने की वजह से, मुझे बस एक्सप्रेशन से कहानी कहने का भरोसा था. मुझे अपनी कास्ट सोहम, नुसरत, नोरा, ओमकार पर गर्व है, क्योंकि इन्होंने अपने किरदारों को खूबसूरती से

सुनील शेट्टी ने करनवीर शर्मा को बधाई दी

बॉलीवुड स्टार सुनील शेट्टी ने अभिनेता करनवीर शर्मा को उनके आने वाले शो 'ट्रायल सीज़न 2' के लिए शुभकामनायें दी हैं.

सोशल मीडिया पर सुनील शेट्टी ने लिखा, बधाई करणवीर, ये चैप्टर और भी बड़ा और ब्राइटर हो! पूरी टीम को मेरी तरफ़ से ऑल द बेस्ट. टीवी और फिल्मों में दमदार परफ़ॉर्मेंस देने वाले करनवीर शर्मा अब ट्रायल के सीज़न 2 में वापसी करने जा रहे हैं. करनवीर ने पहले सीज़न में अपनी इंटेंस स्टोरीटेलिंग और शानदार एक्टिंग से इस लीगल ड्रामा ने दर्शकों का दिल जीत लिया था.नया सीज़न और भी ज्यादा ट्विस्ट, कोर्टरूम ड्रामा और पावरफुल परफ़ॉर्मेंस लेकर आने वाला है.

इत्ती सी खुशी से जुड़ाव महसूस करेंगे दर्शक : राजेश मापुस्कर

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मकार राजेश मापुस्कर का कहना है कि दर्शक सोनी सब के शो इत्ती सी खुशी से जुड़ाव महसूस करेंगे.

सोनी सब का हाल ही में लॉन्च हुआ शो इत्ती सी खुशी अपनी दिल को छू लेने वाली कहानी और सहज किरदारों के कारण दर्शकों का दिल जीत रहा है. सोमवार से शनिवार रात नौ बजे प्रसारित होने वाला यह शो अन्विता (सुम्बुल तौक़ीर खान) की कहानी बयां करता है.एक ऐसी युवा लड़की, जो जीवन की कठिनाइयों के बावजूद छोटी-छोटी बातों में खुशी ढूंढ लेती है. इस शो की रचनात्मक दिशा-निर्देशन की कमान राजेश मापुस्कर ने संभाली है.राजेश मापुस्कर ने कहा, टेलीविज़न में यह ताकत होती है कि वह हर घर तक पहुंचकर सझार्थक प्रभाव छोड़ सकता है. जब सोनी सब और रोज़ प्रोडक्शन्स ने शेमलेस को भारतीय दर्शकों के लिए रूपांतरित करने का निर्णय लिया, तो चुनौती केवल कहानी दोहराने की नहीं थी, बल्कि इसे इस तरह गढ़ने की थी कि यह असली, जुड़ाव पैदा करने वाली और हमारी संस्कृति में जमी हुई लगे.

ऑटोमोबाइल

भारत में लॉन्च हुई रेनो काइगर फेसलिफ्ट

रेनो ने अपनी सब-कॉम्पैक्ट एसयूवी काइगर का 2025 फेसलिफ्ट वर्जन भारतीय बाजार में उतार दिया है. यह कार डिजाइन और फीचर्स के मामले में कई बदलावों के साथ आई है.

डिजाइन में नयापन- 2025 रेनो काइगर फेसलिफ्ट को एक नया रूप दिया गया है. इसके फ्रंट बंपर और हेडलाइट्स को नया डिजाइन मिला है, जिससे यह और भी आकर्षक लगती है. हालांकि, एलईडी डीआरएल में कोई बदलाव नहीं किया गया है. साइड प्रोफाइल में नए 16-इंच के डायमंड-कट अलॉय व्हील्स इसे एक स्पोर्टी लुक देते हैं, जबकि पीछे की तरफ मामूली बदलाव किए गए हैं. इसके अलावा, अब यह ओएसिस येलो और शैडो ग्रे जैसे नए रंग विकल्पों में भी उपलब्ध है.

वेरिएंट और कीमत- कंपनी ने काइगर की वेरिएंट रणनीति में बदलाव किया है. इसमें ऑथेंटिक, इवोल्यूशन, टेक्नो और इमोशन जैसे वेरिएंट्स मौजूद हैं. कंपनी ने काइगर की शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत 6.50 लाख रुपये से भी कम तय की है.

फीचर्स की भरमार- नई काइगर का इंटीरियर भी पूरी तरह से अपडेट किया गया है. इसमें एक नया डुअल-टोन डैशबोर्ड है, जिसमें 8.0-इंच का फ्लोटिंग टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम मिलता है जो वायरलेस एप्पल कारप्ले और एंड्रॉयड ऑटो को सपोर्ट करता है.

सुरक्षा में भी आगे- 2025 रेनो काइगर फेसलिफ्ट सुरक्षा के मामले में भी बेहतर है. इसमें अब छह एयरबैग्स स्टैंडर्ड हैं, साथ ही 21 से अधिक एक्टिव और पैसिव सुरक्षा फीचर्स दिए गए हैं, जिनमें हिल होल्ड असिस्ट (।ङ्क) और टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम शामिल हैं. इसमें ईएसपी, ट्रैक्शन कंट्रोल और माउंट्स जैसे फीचर्स भी मौजूद हैं.

नए अवतार में देश की बेस्ट सेलिंग 7 सीटर कार

मारुति सुजुकी समय-समय पर अपनी कारों को बेहतर बनाने के लिए नए-नए अपडेट्स डालती रहती है और इससे ग्राहकों की जरूरतें पूरी की जाती है. इसी कोशिश में जल्द ही कंपनी की टॉप सेलिंग 7 सीटर कार अर्टिगा भी नए अवतार में आ रही है. हालांकि, इसकी डिटेल्स सामने आ गई है, क्योंकि यह शोरूम में पहुंचने लगी है. अब आप सोच रहे होंगे कि 2025 मारुति सुजुकी अर्टिगा में ऐसा क्या कुछ खास है, जो इसकी रोड प्रजेंस, लुक-डिजाइन, सेफ्टी, कन्वीनियंस और कंफर्ट को और बेहतर करेगी, तो चलिए आज सारी बातें बताते हैं.

एक्सटीरियर में क्या कुछ बदलाव- मारुति सुजुकी ने अपने 2025 अर्टिगा मॉडल की लंबाई 40 एमएम बढ़ा दी है, जिससे अब इसकी कुल लंबाई 4,435 मिलीमीटर हो गई है. साथ ही इसमें नया एक्सटेंडेड रूफ माउंटेड रियर स्पॉयलर दिया गया है, जो कि इस एमपीवी के लुक और फील को बेहतर और डायनैमिक बनाता है. अपडेटेड अर्टिगा में नए क्वॉर्टर पैनल और टेललैंप के साथ ही नया टेलगेट भी मिलता है. बाद बाकी इसके एक्सटीरियर में किसी तरह का बदलाव नहीं दिखता है.

इंटीरियर और फीचर्स में क्या कुछ खास- 2025 मॉडल मारुति सुजुकी अर्टिगा के इंटीरियर और फीचर्स में हुए बदलावों की बात करें तो इसके एसी सेटअप में कुछ-कुछ बदलाव किए गए हैं, जिससे सेकेंड और थर्ड कतार वाली सीटों पर बैठे यात्रियों को सुविधा हो. इसमें सेकेंड रो के लिए सेंटर कंसोल के नीचे एसी वेंट्स दिए गए हैं. साथ ही दो टाइप-सी चार्जिंग पोर्ट्स भी मिलते हैं.

गुरिल्ला 450 का नया शैडो ऐश कलर लॉन्च

रॉयल एनफील्ड ने पुणे में हुए GRRR नाइट्स ङ्ग अंडरग्राउंड इवेंट के दौरान अपनी गुरिल्ला 450 मोटरसाइकिल का नया रंग पेश किया. यह खास पेंट स्कीम शैडो ऐश नाम से लॉन्च की गई है, जो इसके डैश वेरिएंट के लिए उपलब्ध है. कंपनी ने इसकी कीमत करीब ढाई लाख रुपये (एक्स-शोरूम, चेन्नई) तय की है. इस वर्जन में ऑलिव-ग्रीन फ्यूल टैंक दिया गया है, जिस पर ब्लैक फिनिशिंग है और इसमें कंपनी का ट्रिपर डैश कंसोल भी मिलता है.

इंजन और परफॉर्मेंस- गुरिल्ला 450 में वही शेरपा 450 इंजन दिया गया है जो हिमालयन 450 में भी मिलता है. यह 452 सीसी का सिंगल-सिलेंडर, लिक्विड-कूल्ड इंजन है, जो 8,000 ह्श्चद्व पर 39.52 बीएचपी का पावर और 5,500 ह्श्चद्व पर 40 एनएम टॉर्क जनरेट करता है. इसमें 6-स्पीड गियरबॉक्स है, जिसके साथ स्लिप और असिस्ट क्लच भी दिया गया है. हालांकि, गुरिल्ला 450 के लिए इंजन मैपिंग को अलग तरीके से ट्यून किया गया है. राइडिंग के दौरान यह इंजन रेडलाइन तक तेजी से पहुंचता है और आपको ज्यादा स्पीड पर चलाने के लिए प्रेरित करता है. हल्की-फुल्की वाइब्रेशन जरूर महसूस होती हैं, लेकिन यह बाइक के कैरेक्टर का ही हिस्सा है.

कैसे हैं फीचर्स- गुरिल्ला 450 में हिमालयन 450 जैसा ही फुली डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर मिलता है, जिसमें गूगल मैप्स सपोर्ट भी शामिल है. वहीं, इसके लोअर वेरिएंट में एनालॉग क्लस्टर के साथ डिजिटल डिस्प्ले और ट्रिपर पॉड दिया गया है.

हीरो की बाइक का नया सिंगल-सीट वैरिएंट लॉन्च

हीरो मोटोकॉर्प ने 125 सीसी मोटरसाइकिल सेगमेंट में अपनी प्रेजेंस को और बढ़ाने के लिए हाल ही में ग्लैमर एक्स लॉन्च की है , जो भारत की पहली क्रूज कंट्रोल वाली 125 सीसी बाइक है. इसी लाइन में, हीरो एक्सट्रीम 125R को सिंगल सीट वेरिएंट के ऑप्शन के साथ अपडेट किया गया है. जिसकी कीमत 1 लाख रुपए है. ये स्प्लिट-सीट IBS वेरिएंट (98,425 रुपये) से ऊपर है, लेकिन स्प्लिट-सीट ABS वेरिएंट (1.02 लाख रुपये) से थोड़ा नीचे है.125 सीसी सेगमेंट में, हीरो ग्लैमर, ग्लैमर एक्स, ग्लैमर एक्सटीईसी, सुपर स्प्लेंडर एक्सटीईसी और एक्सट्रीम 125 आर पेश करता है. इन सबके बीच, एक्सट्रीम 125आर अपने स्पोर्टी डिजाइन के साथ सबसे अलग है. स्प्लिट-सीट सेटअप इसके स्पोर्टी प्रोफाइल को और भी निखारता है. एक्सट्रीम 125R की कीमत हाल ही में लॉन्च हुए ग्लैमर ङ्ग के टॉप वेरिएंट जितनी ही है. हालांकि, ग्लैमर ङ्ग राइड-बाय-वायर और क्रूज़ कंट्रोल तकनीक के साथ आती है, जबकि एक्सट्रीम 125R में सिंगल-चैनल ABS है.

वेरिएंट्स और कीमत- इस बाइक के बाकी वेरिएंट्स भी मौजूद हैं. स्प्लिट सीट ढ्ढक्क-वेरिएंट की कीमत ?98,425 में और स्प्लिट-सीट ABS वेरिएंट ?1,02,000 में उपलब्ध है. ऐसे में नया मॉडल ग्राहकों के लिए एक मिड-लेवल ऑप्शन बनकर सामने आया है. इस वेरिएंट में सबसे बड़ा बदलाव सीट डिजाइन में किया गया है. अब इसमें आपको सिंगल-सीट सेटअप मिलता है. जो राइडर को ज्यादा आराम देता है. लेकिन इसके चलते बाइक का एग्रेसिव लुक थोड़ा कम हो गया है. क्योंकि स्प्लिट-सीट डिजाइन देखने में ज्यादा स्पोर्टी लगता है.

इंजन- जहां तक इंजन की बात करें तो, इसमें पहले जैसा ही 124.7 सीसी का सिंगल सिलेंडर इंजन दिया गया है. ये इंजन 8,250 ह्श्चद्व पर 11.4 ढ्ढद्धश्च की पावर और 6,000 rpm पर 10.5 N m का टॉर्क जेनरेट करता है.